## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 06.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **श्रीमान् मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम बांदा व श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा संकट मोचन मन्दिर के पास बने पिंक बूथ पुलिस चौकी का फीता काटकर किया गया उद्घाटन।**

**विवरण**- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के प्रयासों से संकट मोचन मन्दिर के पास पिंक बूथ पुलिस चौकी की स्थापना कराई गई जिसका आज दिनांक 06.10.2025 को श्रीमान् मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम बांदा श्री अजीत कुमार व श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस. द्वारा फीटा काटकर उद्घाटन किया गया । इस पिंक बूथ पुलिस चौकी में महिला पुलिसकर्मी 24 घण्टे मौजूद रहेगी । पिंक बूथ पुलिस चौकी के उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को एक सुरक्षित, भरोसेमंद और सहज माहौल प्रदान करना है, जहाँ वे बिना किसी भय या संकोच के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। मंदिरों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के पास इन बूथों की स्थापना से महिलाओं की पहुँच पुलिस तक आसान हो जाती है साथ ही ये पिंक बूथ मिशन शक्ति जैसे अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक स्थायी प्लेटफॉर्म की तरह कार्य करेंगे हैं तथा महिलाओं/बालिकाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना बढ़ेगी। इस दौरान जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0रीभा, पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर/सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री मेविस टॉक सहित पुलिस व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।